## खबर संक्षेप



### पिता पर कुल्हाडी से हमला करने वाला पुत्र गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झुर्री टोला ग्राम पंचायत केलवारा खुर्द में पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अज्जू कोल 22 वर्ष कोल निवासी झुर्री टोला के रूप में हुई है। गौरतलब है कि 8 सितम्बर की रात आरोपित पुत्र ने अपने पिता रमेश कोल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। घायल अवस्था में पिता को छोड़कर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इस दौरान आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 786-25 एवं 296, 109(1) BNS के तहत प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरुण बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी बस स्टैंड उपनिरीक्षक योगेश त्रिपाठी, उप निरीक्षक मनोज पटेल सहित टीम की सक्रियता से यह गिरफ्तारी संभव हो पाई।

### निर्माण कार्य में लापरवाही पर करहिया नंबर एक का सचिव निलंबित

**कटनी।** जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत करहिया के सचिव करन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना योजना मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य स्वीकृत मापदंडों के अनुरूप नहीं कराए जाने के फलस्वरुप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सख्त कार्यवाही कर तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संबंधित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत रीठी नियत किया है। जिन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने इसी मामले में शासन के निर्देशों के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने का दायित्व का हवाला देते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच देवराज लोधी एवं उपयंत्री चंदन सिंह अठिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

### शासकीय कर्मचारी होंगे ऑनलाईन प्रशिक्षित

**कटनी।** शासकीय कर्मचारियों को आई गॉट प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर सभी सरकारी और संविदा कर्मचारियों के लिए 15 से 19 सितंबर तक 'कर्मयोगी आई गॉट पर सीखें सप्ताह' का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि ई-गवर्नेंस सोसाइटी कटनी के प्रबंधक सौरभ नामदेव सहायक नोडल होंगे। ये अधिकारी सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों और समय सारणी के अनुसार इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। सभी विभागों और कार्यालयों के प्रमुखों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां के पंजीकृत कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने व उनके कौशल को बढ़ाने और आधुनिक शासन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत आई गॉट पोर्टल लॉन्च किया गया था। यह एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों के कौशल और क्षमता विकास के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक ऑनलाइन लर्निंग मंच है जो विभिन्न कोर्स प्रदान करता है, ताकि कर्मचारी अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर सकें।

## किरायेदारों की जानकारी पुलिस को देना आवश्यक, अपराधिक वारदातों में मिलती है मदद

# पुलिस के पास नहीं किरायेदारों की कोई जानकारी, मकान मालिक भी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले में अपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। चोरी, लूट, डकैती यहां तक कि हत्या जैसी वारदातों से आमजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आए दिन कहीं न कहीं अप्रिय वारदातो को बदमाश अंजाम दे रहे हैं। दूसरे प्रदेशों एवं जिलों से आकर वारदात को अंजाम देते हैं और आसानी से निकल भी जाते हैं जिनकी पहचान मुश्किल हो जाती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि किरायेदारों की सूची पुलिस के पास नहीं होती और मकान मालिक भी अपने किरायेदारों की जानकारी पुलिस को मुहैया नहीं कराते। किसी को भी मकान किराए से दिया है या फिर घर में काम करने के लिए नौकर रखा है इसकी जानकारी सम्बंधित पुलिस थाना में देना आवश्यक है लेकिन स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र मे किराएदारो की जानकारी देने मकान मालिक रुचि नही दिखा रहे न ही पुलिस कोई ध्यान दे रही है।

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र की बात करे तो यहां मार्बल फैक्ट्री व खदानें संचालित है। जहां दूसरे राज्यो के भी लोग निवास कर रहे है। वैसे तो पूरे सीजन बाहरी लोग किराए के कमरे मे रहकर अपना व्यापार करते है। शीतकालीन का समय आने वाला है ऐसे मे कम्बल, गद्दे सहित गर्म पकड़ो का व्यापार करने वाले बाहरी व्यापारी लोगों को जमावड़ा भी लगने वाला है। वर्तमान मे धान फसल की कटाई के लिए पंजाब राज्य से हार्वेस्टर भी बड़ी संख्या मे स्लीमनाबाद आ चुके है, जो यही रहकर धान की कटाई कार्य करते है।

### वैरीफिकेशन बनता है मददगार

किराएदार या फिर घर में काम करने के लिए रखे गए नौकर की समूची जानकारी स्वयं के साथ ही पुलिस के पास भी होनी चाहिए। इसकी मुख्य वजह है कई बार वारदात को अंजाम मकान में रहने वाले किराएदार दे जाते हैं या फिर घर में काम करने वाला नौकर। इन परिस्थितियों में मकान मालिक के पास न तो किरादार की पूरी जानकारी होती है न ही नौकर की। पुलिस के पास भी ऐसे लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं होता।



तब वारदात को अंजाम देने वाले को तलाश पाना मुश्किल होता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है स्लीमनाबाद थाना में दो डायल 112 है लेकिन रात्रिकालीन गश्त नही की जाती है जिससे चोरी की घटनाएं आये दिन स्लीमनाबाद मे घटित होती है।

### स्लीमनाबाद में ठहरे थे डकैत

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में कटनी के बरगवां स्थित मणपपुरम गोल्ड लोन फाइनेंस लिमिटेड बैंक में दिन दहाड़े डकैती जो हुई उसको अंजाम देने के लिए बदमाशो ने स्लीमनाबाद में भी ठिकाना बना लिया था जिसकी जानकारी भी पुलिस को नही थी। वही वर्ष 2015-16 में थाना क्षेत्र के छपरा तिहराकाण्ड का खुलासा अब भी नही हो सका जबकि इस हत्याकांड के खुलासे के लिए एसटीएफ की टीम भी गठित की गई थी।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार सुमन का कहना है कि मैंने हाल ही में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया है। स्लीमनाबाद में सभी मकान मालिकों को किरायेदारो की जानकारी पुलिस को देने मुनादी कराई जाएगी ताकि थाना क्षेत्र मे कितने लोग बाहर से आकर रह रहे है उनकी जानकारी प्राप्त हो सके। पुलिस तो अपना प्रयास करती है साथ ही मकान मालिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे ओर मकान मै रह रहे किरायेदारो की जानकारी थाना में उपलब्ध कराये। उससे मकान मालिकों को ही सहूलियत रहेगी।



# थाना का भ्रमण कर बच्चों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बाल मित्र योजना के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को थाना भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून की मूलभूत जानकारी तथा अपराधों की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई गईं।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया और डीएसपी मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा के छात्र-छात्राओं ने थाना बड़वारा का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को थाना परिसर में उपलब्ध उपकरणों, पुलिस की जिम्मेदारियों तथा गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी दी गई।

### इमरजेंसी सेवा की जानकारी

छात्र-छात्राओं में देशभक्ति, जन सेवा, राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह भ्रमण कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को साइबर अपराध, नशा, बाल विवाह, पास्को एक्ट तथा अन्य अपराधों के बारे में जागरूक किया। साथ ही 100 डायल और 112 इमरजेंसी सेवा की भी जानकारी दी गई। करीब 80 से 100 छात्र-छात्राएं इस भ्रमण में शामिल रहे। शारदा मॉडल स्कूल के शिक्षक बीएल दिवेदी, थाना प्रभारी बड़वारा अंकुश पटेल समेत पुलिस अमले के अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# संचार संकर्म समिति की बैठक में निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में संचार संकर्म समिति की बैठक अजय कुमार गोटियां सभापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट मनोनीत सदस्य राजेश हल्दकार सहित अन्य सदस्यों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री एवं संचार संकर्म समिति के सचिव गौरीशंकर खटीक, सहायक यंत्री, उपयंत्री अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही। सर्वप्रथम बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। तत्पश्चात श्री गोटिया की अध्यक्षता में लोक निर्माण, लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण कटनी और ग्रामीण यांत्रिकी की सेवा विभाग के निर्माण कार्यों की वर्ष 2024 25 एवं 2025 26 की विस्तार से समीक्षा की गई। निर्माणाधीन ,प्रस्तावित एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों को तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीकों से शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने हेतु चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में मध्य प्रदेश वि. वि. क. ग्रामीण, नर्मदा विकास प्राधिकरण शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, ट्राईबल, कृषि विभाग जल निगम आदि विवाह के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सभापति श्री गोटिया ने नाराजगी जाहिर करते हुए आगामी बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु सदन में निर्देशित किया गया।

इस दौरान तकनीकी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## बड़वारा विधायक की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**कटनी।** बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत केवलारी मे एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों के साथ-साथ जनपद स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक गतिविधियों के साथ-साथ पेयजल, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास तथा, 15वें वित्त मद से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इनके क्रियान्वयन को समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, सहायक यंत्री अभिषेक त्रिपाठी, पीएचई विभाग के सुहाने तथा विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। विधायक श्री सिंह के साथ बैठक में मंडल अध्यक्ष श्री नितिन पांडे, जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अखिल पाण्डेय एवं ग्राम पंचायत केवलारी की सरपंच श्रीमती सोमवती पटेल भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। बैठक का समन्वय सीईओ जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह एवं संचालन विकास खंड समन्वयक जग्गी पटेल के द्वारा किया गया।

## लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन किया गया रवाना



जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के मार्गदर्शन में दिनांक 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभांवित कराए जाने हेतु बुधवार को भू-भास्कर यादव, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, कटनी के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कटनी से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर, सम्माननीय समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुमित शर्मा ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर मंयक मिश्रा एवं मनोज कुमार बासरकर के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाएगा। तथा पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आम जन को जागरूक किया जा रहा है, जिससे पक्षकारगण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरण का निराकरण करने के लिए प्रेरित हो और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाये।

# 25 हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए 56 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम सीमा क्षेत्र के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल-2 के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से खातों में राशि हस्तांतरित की गई। कार्यालय कलेक्ट्रेट के एनआईसी हाल मे मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को अधिकारियों एवं हितग्राहियों की मौजूदगी में देखा व सुना गया।

उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. शासन द्वारा हितग्राहियों के हितों की हर संभव सुरक्षा हेतु संबल- 2 के हितग्राहियों को सहायता उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न 25 हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 56 लाख की राशि का हस्तांतरण किया गया। जिसमे से 22 हितग्राहियों को 44 लाख की राशि सामान्य मृत्यु होने पर तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर 3 हितग्राहियों को 12 लाख की राशि प्रदान की गई है।

### इन्हें मिली सहायता राशि

नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत जिन 22 हितग्राहियों को सामान्य मृत्यु की दिशा में दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उसमें संतोष नेहा नामदेव, नरेश जानकी चैधरी, शिवराम गिरी गीता गोस्वामी, उमेश अंजली केवट, सुधीर निरूपमा गुप्ता, छोटेलाल सरोज निषाद, अनीता गोविंद सेन, विनीत अर्चना गुप्ता, रंजीत अर्चना गुप्ता, हमीदुल हसन चमन बानो, भूरा अहिल्या पटेल, ललिता उमेश सोनी, सुनील रंजनी नामदेव, राजेश कविता खटीक, अजय गिरिजा बाई चैधरी, कमलदीप सिंह गिल सुरजीत कौर, राकेश किरण कुशवाहा, रामलाल सुमित्रा पाल, प्रदीप जया मूलचंदानी, सुदामा उमादेवी नागवानी, दयालदास हरिराम कोटवानी, दामोदर सुभद्रा विश्वकर्मा का नाम शामिल है। जबकि आनंद नीलम अग्रवाल, विजय कुमार सोनी एवं राजकुमार सुमित्रा निषाद को चार- चार लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृति की गई है।

## पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मनाया गया क्षमावाणी पर्व

# आपसी कटुता को भुलाकर क्षमा मांगने एवं करने का संदेश देता है क्षमावाणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

दिगंबर जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्व पर दस दिन तक तप, आराधना की गई। पर्व के समापन पर सामूहिक क्षमावाणी पर्व बुधवार को मनाया गया। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर बाकल में सामूहिक क्षमा वाणी महोत्सव का आयोजन हुआ। मंगलाचरण भगवान का अभिषेक शांति धारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं उपवास करने वाले तपस्वियों का अभिनंदन कर सभी ने एक दूसरे से क्षमा मांगी।



तत्पश्चात श्रीजी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर से निकाली गई। समाज जनों द्वारा द्वार -द्वार रंगोली डालकर भगवान की आरती उतारी गई। शोभायात्रा उपरांत क्षमावानी कार्यक्रम का आयोजन आचार्य विद्यासागर पाठशाला प्रांगण में किया गया जिसमें उपस्थित वक्ताओं द्वारा क्षमा वाणी पर परअपने उद्बोधन में कहा कि पर्व में आपसी कटुता को भुलाकर क्षमा करने और क्षमा मांगने का संदेश देता है यह पर्व समाज में समरसता सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने का प्रेरणा स्रोत है।

वक्ताओं ने कहा कि विश्व में एकमात्र जैन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमें क्षमा मांगने को भी त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। साथ ही युवा पीढ़ी समाज का भविष्य है शिक्षा संस्कार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।

वक्ता पुष्पेंद्र मोदी ने कहा कि जब तक मन की कटुता दूर नहीं होगी, तब तक क्षमावाणी पर्व मनाने का कोई अर्थ नहीं है, अतः जैन धर्म क्षमाभाव ही सिखाता है। हमें भी रोजमर्रा की सारी कटुता, कलुषता को भूलकर एक-दूसरे से माफी मांगते हुए और एक-दूसरे को माफ करते हुए सभी गिले-शिकवों को दूर कर क्षमा-पर्व मनाना चाहिए। सामूहिक क्षमावाण पर्व पर छोटों ने बड़ों के पैर छूकर, बड़ों ने एक दूसरे से गले मिलकर क्षमा मांगी।

इस दौरान जीवनधर मोदी,नरेन्द्र सिंघई, पवन मोदी,रमेश चंद जैन, शिखरचंद जैन, प्रेमचंद जैन,मुकेश जैन,पुष्पकुमार जैन आदि मौजूद रहे

## शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

# विद्यार्थियों को जैविक खेती, कीटनाशक बनाने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ. सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में छात्रों को जैविक खेती के बारे में जानकारी देते हुये रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं हारमोंस का प्रयोग न करते हुए ग्राम में उपलब्ध संसाधनों कचरा, गोबर, फसल अपशिष्ट, पत्तियां, डंठल



आदि से जैविक खाद एवं गोमूत्र तथा पत्तियों से जैविक कीटनाशक बनाकर फसलों में उपयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही जैविक खेती एवं रासायनिक खेती में अंतर एवं जैविक खेती से लाभ तथा रासायनिक खेती से नुकसान के विषय में बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती से भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि, सिंचाई अंतराल में वृद्धि, जलधारण क्षमता में वृद्धि, बाजार पर निर्भरता में कमीं, फसल उत्पादन की लागत में कमी एवं आय में वृद्धि तथा जीरो बजट फार्मिंग के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई तथा रासायनिक खाद एवं कीटनाशक के उपयोग से भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी देते हुये देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग के विषय में बताया गया।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जिले में बनेंगे 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर

जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत सभी विकासखंडों में 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), पंजीकृत गौशालाओं और अन्य पंजीकृत संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक इनपुट रिसोर्स सेंटर की स्थापना के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो 50-50 हजार रुपये की दो किस्तों में प्रदान की जाएगी।

### उचित मूल्य पर जैविक आदान उपलब्ध कराएंगे सेंटर

बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कि पौधों से बने बायो मास, गोमूत्र और गोबर का उपयोग करके जैविक आदान तैयार करेंगे। जिन किसानों के लिए खुद से ये सामग्री तैयार करना संभव नहीं है, उन्हें ये सेंटर उचित मूल्य पर जैविक आदान उपलब्ध कराएंगे। इस तरह, ये सेंटर एक उद्यम के रूप में विकसित होंगे और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। इच्छुक संस्थायें संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर विस्तृत जानकारी और आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं। 11 सितंबर तक प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# आवारा मवेशियों से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान की गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। दिन हो या रात, सड़क पर घूमते और बैठे मवेशी राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। अचानक सामने आ जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वाहन चालकों को इनसे बचने के चक्कर में न केवल चोटें आ रही हैं बल्कि मवेशी भी घायल हो रहे हैं। हालात यह हैं कि अंधेरा होने के बाद सड़कों पर पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। फुटपाथ और मार्ग दोनों ही जगह मवेशियों का कब्जा नजर आता है।ग्रामीणों का कहना है कि मवेशी मालिक लापरवाह हैं और अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। इससे हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इस समस्या की ओर न तो पंचायत और न ही प्रशासन गंभीरता दिखा रहा है।



गौर है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने निर्देश जारी किए हैं कि खुले में पशु छोड़ने वाले मालिकों पर कार्रवाई की जाए और मवेशियों को गौशालाओं या सुरक्षित स्थलों पर भेजा जाए। बावजूद इसके तहसील और पंचायत स्तर के अधिकारी आदेशों को अनदेखा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की इसी लापरवाही का खामियाजा उन्हें रोजाना भुगतना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### पितृपक्ष के मद्देनजर घाटों में कराई जा रही विशेष सफाई

**कटनी।** वर्तमान में चल रहे पितृपक्ष को मद्देनज़र रखते हुए नगर निगम कटनी द्वारा दैनिक सफाई व्यवस्थाओं के साथ घाटों की भी विशेष सफाई कराई जा रही है। ताकि पितृपक्ष में नागरिकों को असुविधा का सामना ना करना पड़े। बुधवार को मसुरहा घाट, मोहन घाट, बस स्टैंड परिसर, यात्री प्रतीक्षालय,पन्ना मोड़,मिशन चौक, थाना तिराहा,जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग, सुभाष चौक, स्टेशन रोड पहुंच मार्ग, खेर माता मंदिर परिसर,वीआईपी मार्ग बरही रोड,माधवनगर हॉस्पिटल लाइन सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं डिवाइडर की सफाई सहित सभी वार्डों में सफाई कराई जाकर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा है कि वे इन सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में कूड़ा न फैलाएँ,पोस्टर न चिपकाएँ और न ही प्लास्टिक कवर और बोतलें फेंकें। स्वच्छता बनाए रखना एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें जनता का सहयोग आवश्यक है।

### घुमंतू मवेशियों को हटाने की जा रही कार्यवाही

**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्ग में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर रोक लगाकर नागरिकों को सुरक्षित यातायात सहित सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गैंग द्वारा निरंतर आवारा मवेशियों को हाँका लगाकर मुख्य मार्ग से अलग करने तथा वाहनों के माध्यम से कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि चाका बायपास से मवेशियों को अलग करते हुए काउ केचर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। उन्होंने नगर के पशुपालकों से अपने मवेशियों को सार्वजनिक स्थलों में नहीं छोड़ने की अपील करते हुए नगर की सुचारू यातायात एवं सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### दुर्गोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां शुरू, हुई बैठक

**कटनी।** आगामी नवरात्रि दशहरा पर्व को करीब एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसको देखते हुए दुर्गा समितियों की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। के सी एस स्कूल में मां दुर्गा को विराजमान करने वाली वीरू दुर्गोत्सव समिति की बैठक संपन्न हुई । समिति का यह 50वां स्थापना वर्ष है जिसे समिति के उत्साही कार्यकर्ता स्मरणीय बनाना चाहते हैं जिसको लेकर बैठक में समिति के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया । बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से नवाचार करने का भी प्रण लिया गया है। प्रेरणा स्वरूप युवाओं की टीम को आगे किया गया है ताकि युवा और वरिष्ठ मिलकर गोल्डन जुबली वर्ष को यादगार बना सके। तदोपरांत नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया। वीरू दुर्गोत्सव समिति केसीएस स्कूल के अध्यक्ष पद पर मयंक रजक का चयन किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष की सहमति और समिति के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से नवीन कार्यकारिणी का गठन इस प्रकार से किया गया है ।

### पिछले साल से 5.5 फीसदी अधिक औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 10 सितम्बर तक कुल 1002.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1305.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 949.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। जिले के कटनी तहसील में 1078.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 1305.4 मिलीमीटर, बड़वारा में 901 मिलीमीटर, बरही में 870 मिमी और विजयराघवगढ़ में 878.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद में कुल 887 मिमी एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1181.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 912.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 22 सितंबर से शुरू होगा नवरात्र, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

# शक्ति आराधना के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर जिले में होने लगी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जगत जननी मां आदिशक्ति की आराधना, उपासना एवं भक्ति के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा नवरात्र पर्व को लेकर रूपरेखा बनाकर पंडालों के निर्माण, झांकियों आदि की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। शारदेय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से शुरू होगा। शारदेय नवरात्र पर्व करीब आने के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई। दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। वही स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में विशेष तैयारियां जारी है।इस बार स्लीमनाबाद में आस्था व उल्लासपूर्वक तरीक़े से नवरात्र पर्व बनाया जाएगा। देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडाल सजने लगे वही देवी मंदिरों मैं भी तैयारियां जारी है।

#### महंगाई से व्यवसाय प्रभावित

मातारानी की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकारों का दावा है कि महंगाई के कारण कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। उनके लिए लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। फिर भी उन्होंने कोशिश की है कि कम कीमत में बेहतर प्रतिमा तैयार कर भक्तों को उपलब्ध कराई जाए। पांच हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। वैसे महंगाई के बाद भी प्रतिमाओं के आर्डर में कमी नहीं आई है।

#### कीमतों में भी वृद्धि

मूर्तिकारों ने गणेशोत्सव पर्व के साथ ही दुर्गा प्रतिमा तैयार करना का काम शुरू कर दिया गया था। जिससे समय पर प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। मूर्ति के निर्माण में लगे मूर्तिकार मनोज चक्रवर्ती ने बताया कि प्रतिमा निर्माण में सिर्फ परिवार ही नहीं बल्कि अन्य कारीगरों को लगाया गया है। मौजूदा समय में कुल 100 प्रतिमा बनाई गई हैं, जिसमें से बुकिंग का काम भी चल रहा है। प्रतिमा निर्माण में लगने वाले सामग्रियों के दाम में तो वृद्धि हुई, लेकिन प्रतिमा के दाम में उस अनुपात में काफी कम वृद्धि की गई है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 5 हजार से 20 हजार रुपये तक की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है।

#### प्रतिमाओं के निर्माण में कमी

मूर्तिकारों का कहनाहै कि अबकी बार प्रतिमाएं 5 हजार से 20 हजार रुपये में बिक रही हैं। निर्माण में काली व पीली मिट्टी के प्रयोग के साथ ही बांस, रस्सी आदि का प्रयोग किया जाता है। इनका मूल्य काफी बढ़ गया है। इससे हमारी परेशानी बढ़ गई है। खासतौर पर बांस और पुआल अब जरूरत के मुताबिक नहीं मिल पाए। इसलिए इस बार प्रतिमाओं का निर्माण कम स्तर पर किया है।

मूर्तिकार सुरेंद्र प्रजापति ,मुकेश प्रजापति का कहना है कि प्रतिमा निर्माण से वर्षभर की जीविकोपार्जन के लिए आय हो जाती है।यह हमारा पुश्तैनी काम है। जब से समझदार हुए है, परिवार के बड़े बुजुर्गों के साथ सहयोग करते हुए अपने पैरों पर खड़े हो गए। नवरात्र के बाद दीपावली मैं लक्ष्मी पूजन के लिए कुछ वर्षों से प्रतिमाओं की मांग बढ़ी है। इससे हमारा रोजगार अच्छा चल जाता है।

#### रामलीला का होगा मंचन

शारदेय नवरात्र पर्व को भव्यता प्रदान करने तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में जहां दर्जन भर स्थानों मैं प्रतिमाएं स्थापित की जानी है जिसको लेकर पंडाल तैयार हो रहे है। वही स्लीमनाबाद के तेवरी इस वर्ष शारदेय नवरात्र में स्थानीय श्रीकृष्ण नाट्य रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन होगा । वहीं खिरहनी स्थित जगदीश धाम मे भी रामलीला का मंचन किया जायेगा।



# खराब सड़क बनी मुसीबत, परेशान हो रहे छात्र छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

**अतरसूमा से नेगई तक मार्ग कीचड़ से सना, शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार उदासीन**

अतरसूमा से नेगई स्थित महाविद्यालय तक पहुँचने में विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह कच्चा मार्ग दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुका है। इस रास्ते से रोजाना आने-जाने वाले विद्यार्थियों को जान जोखिम में डालकर महाविद्यालय पहुँचना पड़ता है।छात्रों ने बताया कि खराब मार्ग के कारण अतरसूमा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थियों को मजबूरी में 8 से 10 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर सिलौंड़ी की तरफ से महाविद्यालय जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुश्किल दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को उठानी पड़ती है। ग्रामीणों व विद्यार्थियों का कहना है कि नेगई और अतरसूमा ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने कई बार कलेक्टर और मुख्यमंत्री को पत्राचार कर इस सड़क को पक्का बनाने की मांग की, लेकिन समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। बरसात के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कच्ची सड़क में पानी और कीचड़ होने से किसानों को खेतों तक पहुँचना भी कठिन हो जाता है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह मार्ग पूरी तरह से जोखिम भरा साबित हो रहा है। कीचड़ में फिसलने से आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

**किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद**

# जिले के लिए 1350 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की दो और रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में खेती-किसानी के नजरिए से इस समय सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। बुधवार को नीम कोटेड यूरिया की दो और रैक झुकेही रैक पाइंट में पहुंच गई है। इन दो रैक के द्वारा जिले में कुल 1350 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया आई है। जिससे किसानों को उनकी जरूरत का पर्याप्त उर्वरक मिल सकेगा।

अभी बीते गुरुवार को जिले में 490 मीट्रिक टन और शुक्रवार को 522 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया को मिलाकर 1012 मीट्रिक टन यूरिया खाद की एक और रैक आई थी और अब पुनः बुधवार को 1350 मीट्रिक टन यूरिया आ गई है। इस प्रकार अब जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास डॉ. रामनाथ पटेल ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 225 मीट्रिक टन और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 400 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी एवं सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 85-85 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी एवं बाकल को 75-75 मीट्रिक टन, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ एवं सीएमएस बड़वारा को 55-55 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 110 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

किसान, खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में कहा राजस्व वसूली में लाएं तेजी



निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने राजस्व वसूली की समीक्षा कर ठोस कदम उठाते हुए बकाया करों की वसूली कर निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए ।इस दौरान उपायुक्त श्री गुप्ता ने नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की ।इस दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक की मौजूदगी रही। उपायुक्त श्री गुप्ता ने आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में शत-प्रतिशत वसूली के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी उपस्थित राजस्व निरीक्षक, उप-निरीक्षकों को वार्डो में भ्रमण कर भवन एवं दुकान स्वामियों,करदाताओं से अधिक से अधिक संपर्क करते हुए नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट से अवगत कराते हुए बकाया संपत्तिकर,जलकर व निगम स्वामित्व की दुकानों का बकाया राशि जमा कराये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दिए। बैठक के दौरान समस्त राजस्व निरीक्षक, उप-निरीक्षक राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# नेगाई महाविद्यालय के पास बढ़ रहा अतिक्रमण, कब्जा हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में सरकारी भूमि की कमी नही है। यहां पर अधिकांश सरकारी भूमि पर दबंग लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्जाधारियों को संरक्षण प्राप्त है जिससे कुछ भूमि का पट्टे भी बनवा लिया है जिसकी शिकायत कलेक्टर जन सुनवाई में भी हो चुकी है परंतु अभी तक कोई भी करवाई नही हुई है ।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में नेगाई के बाहर सिलौंडी महाविद्यालय के पास खरीदी केंद्र हेतु आरक्षित भूमि में भी कब्जा हो रहा है ।प्रशासन की मौन स्वीकृति से कब्जा धारियों के हौसले बुलंद है। राजस्व विभाग की लगभग 250 एकड़ भूमि में दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। क्षेत्र के शंकर लाल राय सहित ग्रामीणों ने सरकारी भूमि से कब्जा अलग करते हुए सरकारी भूमि को सुरक्षित करने की मांग की है । सरकारी भूमि में कन्या छात्रावास , गौशाला , पौधों की नर्सरी , सहकारी बैंक की गेहूं , धान खरीदी केंद्र में टीन शेड लगाने , तकनीकी ज्ञान हेतु आई टी आई की व्यवस्था , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चीर घर ,50 बेड का अस्पताल , श्री सरदार वल्लभ भाई के नाम पर सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड , कृषि कॉलेज आदि भवन बनाकर क्षेत्र का विकास करने की मांग की है । जिससे क्षेत्र के युवा को रोजगार भी मिलेगा ।

**इंडिया विथ कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन**

# शहर में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों व नशे के कारोबार पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




नशे के अवैध कारोबार, बढ़ती अपराधिक गतिविधियों को लेकर इंडिया विद कांग्रेस संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से शहर में बढ़ रही नशाखोरी एवं उससे जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानियो का सामना नहीं करना पड़े।

ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा गया कि पिछले समय में नशे के कारण कई गंभीर अपराध, यहाँ तक कि हत्याएँ तक घटित हुई है, जो समाज के लिए अत्यंत चि विषय है। शहर में नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे विशेषकर युवा वर्ग और बच्चों का भविष्य खतरे रहा है।

#### ये हैं प्रमुख मांगे

जिन मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है उनमें मुख्य रूप से नशे की अवैध कालरियाओं / दुकानों को रात 10 बजे के बाद पूर्णतः बंद किया जाए। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का नशा (सिगरेट, तंबाकू, शराब, ड्रग्स इत्यादि) बेचना प्रतिबंधित जाए। मेडिकल स्टोर से बिकने वाले कुछ सिरप व दवाइयों का प्रयोग नशे के रूप में किया जा रहा है, उस पर कड़ी निगर जाए। शहर में नशे के अवैध व्यापारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए और समय-समय पर छापामारी अभियान चलाया जाए आदि शामिल हैं।

पुलिस कप्तान से मांग की गई है कि आम जनता में जागरूकता अभियान चलाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया जाए। उपरोक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए शहर को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

ज्ञापन सौंपने वालों में इंडिया विथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंगल सिंह, उदय भारत सिंह गोंड़, बृजेश मौर्य, दिग्विजय सिंह, हिमांशु तिवारी, ओम प्रकाश सकतेल, कपिल विश्वकर्मा, शेख रजक, हर्ष कुमार सेन, राहुल सिंह, मृत्युंजय सेन, जितेन्द्र सिंह, मनजीत सिंह, बालाजी राव, मो. यूसुफ खान, दिलदार खान, कैलाश कनौजिया, सुरेश कोरी, अमित सिंह, अमर कल, सत्यम यादव, विपिन सेन आदि शामिल रहे।

### कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

# छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए दी गई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निःशुल्क परीक्षण करना था। इस अवसर पर जिला अस्पताल कटनी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CHMO) और सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. ऐश्वर्या खरे, ऑप्थाल्मिक असिस्टेंट श्री आर.के. रविदास, और एनसीसी कटनी के कमांडिंग ऑफिसर श्री विनोद सिंह भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए इस तरह के शिविरों की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. यशवंत वर्मा ने नेत्र स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नेत्र देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे नियमित आँखों की जाँच, स्क्रीन टाइम का प्रबंधन, और पौष्टिक आहार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति ने छात्राओं को अपनी आँखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

डॉ. सुनीता वर्मा ने महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की और उनकी रोकथाम के उपाय सुझाए। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर छात्राओं को उपयोगी सलाह दी। उनकी बातों ने छात्राओं को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर साझा करने और उनके समाधान के लिए प्रेरित किया। वहीं, डॉ. ऐश्वर्या खरे ने दंत स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए दाँतों की नियमित देखभाल, ब्रश करने की सही तकनीक, और मौखिक स्वच्छता के महत्व को बताया। उनकी प्रस्तुति ने छात्राओं को दंत स्वास्थ्य के प्रति सजग किया।

एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर विनोद सिंह ने अपने उद्बोधन में एनसीसी कैडेट्स और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व, और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरक शब्दों ने सभी में जोश का संचार किया। शिविर के अंत में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें नेत्र, दंत, और सामान्य स्वास्थ्य जाँच शामिल थी। इस दौरान लगभग 200 से अधिक छात्राओं ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, बल्कि छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने में भी सफल रहा।

# समूह से जुड़ने के बाद स्वयं का व्यापार स्थापित कर दीदियां बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर पालिक निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कार्यालय के माध्यम से संचालित शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर शहर की स्व - सहायता समूह की दीदियां सफलता की इबारत लिख रहीं है। यहां हम बात कर रहे है बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 की विनायक महिला स्वस्हायत समूह की दीदियों की। इस समूह में कुल 12 महिलाओं द्वारा कपडा खरीदकर विभिन्न प्रकार के वस्त्रों का निर्माण किया जाकर अपने अपनें अपनें परिवार की जीविकोपार्जन का कार्य किया जा रहा है। स्वसहायता समूह की दीदियों की उद्यमिता की वजह से आशा की न केवल किरण नजर आनें लगी है बल्कि उनके उद्योग में निर्मित वस्त्रों की मांग दिन-ब दिन बढ़नें लगी है।

विनायक महिला स्वसहायता समूह कटनी की 12 सदस्यीय दीदियों ने सरकारी मदद और तकनीकी मार्गदर्शन के बूते उद्यमिता की नायाब नजीर पेश कर दी। शासन से अनुदान स्वीकृत होने के बाद समूह की दीदियों द्वारा क्यूनिक, टी-शर्ट, लोवर, स्कूल ड्रेस, शर्ट, पेंट एवं कुर्ते आदि की सिलाई का कार्य किया जाकर स्कूलों में सप्लाई के साथ ही बाजार में विक्रय हेतु भेजा जाता है। स्थिति यह है कि आज इस समूह की हर महिला सदस्य 7 से 8 हजार रूपये प्रतिमाह की आमदनी अर्जित कर रहीं है।

विनायक स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती रंजना नामदेव बताती है कि समूह से जुड़ने के पहले उनकी माली हालत खराब थी। परिवार के भरण पोषण मे भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। किंतु आज शासन से प्राप्त अनुदान से वे स्वयं का व्यापार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकीं। इसके लिए विनायक महिला स्वसहायता समूह की दीदियों नें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## खबर संक्षेप

### सर्वे कार्य होने के बाद डीपीआर बनाकर भारत सरकार को भेजा जायेगा

**दमोह।** केन बेतवा लिंक परियोजना का सर्वे होना हैं, फिलहाल बरसात में अभी कोई काम भी सर्वे का नहीं हो रहा हैं। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन पन्ना जो की केन बेतवा लिंक परियोजना का कार्य देख रही हैं, ने बताया कि बरसात में अभी कोई काम नहीं हुआ हैं। सर्वे हो जाएगा उसके बाद में डीपीआर बनाकर दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा। उनका कहना हैं वर्तमान में नदी में पानी हैं, अभी कुछ भी सर्वे का कार्य नहीं हो सकता। उनका यह भी कहना हैं नदी में पानी कम होने के बाद नदी का स्टेटा देखेंगे तब सर्वे का कार्य किया जायेगा। इसके पश्चात ही सर्वे की कार्रवाई आगे बढ़ेगी तब डीपीआर बनाया जाएगा। किसान भाई, जिले के निवासी यह बात स्पष्ट रूप से मान ले कि अभी केन बेतवा लिंक परियोजना से कितनी जमीन प्रभावित होगी, क्या स्थिति होगी, इसके बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता। बांध जो प्रस्तावित हैं वह घटेरा के आगे प्रस्तावित हैं। आमजन-किसान भाई किसी भी तरह की बातों/अफवाह पर ध्यान ना दें।

### तेज रफ्तार बाइक भैंस से टकराई एक की मौत, दो घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गडोखर ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक की मौत एवं दो घायल बताए जा रहे हैं बुधवार की शाम 4रू00 बजे अमानगंज पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार मोटर बाइक गड़ोखर ग्राम के पास भैंस से टकरा जाने से मोटर बाइक में सवार इंद्रपाल पिता गुड्डू लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी बन्धूर की मौत हो गई है जबकि बृजेश प्रताप बखत राम लोधी उम्र 30 वर्ष एवं ब्रज बिहारी पिता कुट्टी बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी सभी बंधूर ग्राम घायल हो गए यह घटना मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि लगभग 11:00 बजे की बताई गई है वहीं इस पूरे मामले को लेकर अमानगंज पुलिस ने बुधवार को मर्ग कायम कर लिया है साथ ही दोपहर 12:00 बजे बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम हुआ।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में अवैध शराब की बिक्री रोकने एवं नगर परिषद पथरिया में भ्ष्टाचारी के विरोध के साथ 11सूत्रीय मांगो क्रो लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम पथरिया क्रो समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब को पूर्ण रूप से तत्काल बंद कराई जावें, बेचने वाले लोगों पर प्रशासन कड़ी कार्यवाही करें ,वृद्धापेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन राशि 600 से बढ़ाकर 1500 की जावें साथ ही माह की 1 से 5 तारीख तक हितग्राहियों के खातों में नियमित रूप से जमा की जावें, नगर पथरिया में शासकीय भूमि में विगत 20 वर्षों से रह रहे गरीब लोगों को भूमि का पट्टा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र कर कुटीर का लाभ दिया जावें, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 15 दिवस के अंदर सोनोग्राफी मशीन स्थापित की जावे ताकि गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलें, खाद्यान्न पर्ची जिन हितग्राहियों की बन चुकी है उनको राशन दिया जाये एवं समग्र पोर्टल जो बंद है उसे खोला जायें ,नगर एवं गांव में साफ-सफाई एवं गंदगी की निकासी हेतु नालियों की व्यवस्था,नगर के सभी 15 वार्डों में नल-जल योजना सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये तथा नल से संबंधित बिलों में राहत दी जाये किसी भी हितग्राही का नल कनेक्शन न काटा जाये, नगर एवं सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को गौशालाओं में व्यवस्थित रखा जाये ताकि आवागमन एवं यात्रियों को असुविधा एवं किसी प्रकार की दुर्घटनाओं के कारण जान-माल हानि न हो, पथरिया में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जायें,पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को शासकीय नौकरी दी जाये, पथरिया से शाहपुर, सतौआ से आलापुर, कारीखेरी जिसके बीच में रोड से मैन सड़क से जोडी जाये। विद्युत विभाग द्वारा जबरन लगाये जा रहें स्मार्ट मीटर बंद हों, मांगे पूरी न होने पर आगामी समय में विशाल धरना प्रदर्शन उग्र आंदोलन की जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमति रामबाई सिंह परिहार,जिला प्रभारी आशाराम चौधरी, जिला प्रभारी कोमल अहिरवार, जिलाध्यक्ष इंजी गोवर्धन राज, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जिला सचिव दिनेश चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष भगवानदास, पूर्व जिला प्रभारी चिंतामन अहिरवार, हाजी फारुख खान,पवन अहिरवार देबेन्द्र विश्वकर्मा, महराज सिंह जी सचिव भवानी प्रसाद जी,हरप्रसाद जी,चिंतामन जी,आनंद राठौर, पुरूषोत्तम पटेल पीफोर सेक्टर अध्यक्ष गण, किटकाट व बूथ कार्यकर्ता गण,वरिष्ठ साथियों सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

### 24 खंडपीठें करेगी प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चौक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया, कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी, आपने समस्त पक्षकारों से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करावें तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

# समर्पण निःशुल्क पीएटी कोचिंग उत्कृष्ट विद्यालय में होगी संचालित

**दमोह।** जिला प्रशासन दमोह एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2026 मे आयोजित होने वाली प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की तैयारी हेतु समर्पण निःशुल्क कोचिंग संचालन का निर्णय लिया गया हैं। निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग की कक्षाओं का आयोजन प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के कक्ष क्रमांक-24 में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष समर्पण निःशुल्क **PAT** कोचिंग को ऑफलाईन के साथ-साथ यूटूबचैटनल समर्पण निःशुल्क **PAT** कोचिंग जिसकी लिंक के माध्यम से ऑनलाईन लाईव कक्षाओं का आयोजन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक कृषि विभाग, कृषि विज्ञान एवं शिक्षा विभाग के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से पढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। इस सबंध में जिला कलेक्टर ने समर्पण निःशुल्क प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग के सफल संचालन हेतु निर्देश जारी किये गए हैं। जारी आदेश में समर्पण निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग की कक्षाओं के संचालन, पाक्षिक टेस्ट के आयोजन एवं सम्पूर्ण व्यावस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। ऑफलाईन कक्षाओं के साथ-साथ कक्षाओं को यूटूब चैनल पर ऑनलाईन किये जाने हेतु इन्टरनेट एवं इन्ट्रैकटिव पैनल एवं स्क्रीन टच पेन की व्यवस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह द्वारा की जायेगी। कक्षाओं का संचालन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन किया जाएगा परन्तु इलेक्ट्रानिक डिवाईस की खराबी या कोई अन्य तकनीकी समस्या होने पर कक्षाओं के संचालन हेतु चॉक, डस्टर आदि की व्यवस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की होगी। नियमित रूप से कक्ष क्रमांक-24 की साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की होगी। समर्पण निःशुल्क कोचिंग की ऑनलाईन कक्षाओं के संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्था जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंश महेश अग्रवाल द्वारा की जाएगी एवं राजेन्द्र ठाकुर पद कम्प्यूटर ऑपरेटर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह प्रातः 07 बजे से पूर्व ऑनलाईन कक्षा प्रारंभ करने एवं कक्षा समाप्ति के बाद ऑनलाईन कक्षा को क्लोज करने की जिम्मेदारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की होगी तथा ऑनलाईन कक्षाओं के लिये आवश्यक इलेक्ट्रोनिक डिवाईस जैसे. लेपटॉप, कॉलर माईक, कैमरा आदि के रख रखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की होगी। समर्पण निशुल्क कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लाईब्रेरी की व्यरवस्था प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के द्वारा की जाएगी तथा प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की तैयारी हेतु उपयोगी पुस्तकों एवं नोट्स की व्यवस्था कृषि संकाय के अध्यापकों, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह द्वारा की जाएगी।

प्रत्येक 15 दिवस में कक्षाओं में पढ़ाए गए टॉपिक्ससो संबंधित बहु विकल्पीय प्रश्न संबंधित विषय के विशेषज्ञों द्वारा विगत वर्ष में पूछे गए पैटर्न, पाठक्रम एवं स्तर के अनुसार प्रश्नं तैयार किये जायेंगे तथा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न संकलित करने की जिम्मेदारी सहायक अधिकारियों की होगी तथा प्रश्नों को कम्प्यूटराईज टाईपिंग करने एवं **OMR** शीट तैयार करने हेतु एवं टेस्ट के आयोजन हेतु ड्यूटी लगायी गई हैं। **PAT** के पाठक्रम के नोट्स एवं पाक्षिक टेस्ट के मुद्रण प्रिंटआउट/फोटोकॉपी की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्टोर शाखा प्रभारी कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला दमोह सहायक ग्रेड-2 राजीव खोसला की होगी। समर्पण निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोंचिंग में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थीयों को नियमित समय पर कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य हैं। यदि कोईवि-द्यार्थी बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार तीन दिवस तक अनुपस्थित रहेते हैं तो उन्हे कक्षाओं से पृथक किया जा सकेगा। सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं में अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य हैं। किसी भी प्रकार की अनुशासन हीनता परिलक्षित होने पर संबंधित विद्यार्थी को कक्षाओं से पृथक कर दिया जायेगा। कक्षा में छात्राओं के प्रति किसी प्रकार की अभद्रता, अनुशासन हीनता नहीं होगी। सभी छात्रों को कक्षाओं के साथ-साथ पाक्षिक टेस्ट में उपस्थित होना अनिवार्य हैं।

# शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर विख शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ब्लांक के समस्त शिक्षकों के द्वारा बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया गया कि वर्तमान में ऑनलाइन ई-अटेंडेंस प्रणाली के कारण अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। वर्तमान ई-अटेंडेंस एप में लगातार तकनीकी खामियों (जैसे राशि कटना, फॉड कॉल, सिस्टम त्रुटियों) आ रही है। जिससे शिक्षक परेशान हैं एवं नेटवर्क समस्या। शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल पहुँचने पर भी अटेंडेंस न लग पाने के कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि वर्षभर की उपस्थिति केवल ई-अटेंडेंस के माध्यम से सत्यापित करनी है. तो क्या विद्यालय में रखी उपस्थिति पजी का महत्व समाप्त हो गया है। वर्तमान में प्रचलित जन शिक्षक बीआरसीसी जैसी मॉनिटरिंग व्यवस्थाएँ अप्रासंगिक प्रतीत हो रही हैं। अतः इन्हें तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में ई-अटेंडेंस लागू है, और इसके कारण शिक्षक पर मानसिक दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। शिक्षा मंत्री महोदय ने भी स्पष्ट किया है कि शिक्षकों को भयभीत न किया जाए और तकनीकी समस्याओं के कारण अटेंडेंस प्रभावित होने पर कार्रवाई न की जाए। ऐसी स्थिति में केवल अटेंडेंस ना लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करना उचित नहीं है। अतः किसी भी कार्रवाई से पूर्व शिक्षक संगठनों से विचार-विमर्श अवश्य किया जाए। शिक्षक पर तकनीकी और मानसिक दबाव के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी, दमोह द्वारा परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने का आदेश जारी किया गया था. किन्तु आज तक इसका आयोजन नहीं हुआ है। अतः निवेदन है कि परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाए, ताकि समस्त शिक्षक ६ कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है- शिक्षक का मनोबल, शिक्षा का केंद्र और विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि होना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में गुड्डा सिंह ठाकुर, बृजराज सिंह परिहार, सत्येंद्र जैन, स्वदेश नेमा, नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश नामदेव, नारायण सिंह राजपूत, ठाकुरदास अवस्थी, जितेंद्र बागवार, दौलत सिंह ठाकुर, राजेश सरैया, पुरुषोत्तम सरैया, मुकेश जैन, योगेंद्र जैन, शैलेंद्र खरे, काशीराम अहिरवार, मनमोहन अहिरवार, इंद्र कुमार पंद्राम, गुड्डा पाल, कुंदन उपाध्याय, महेंद्र जैन, गणेश पाठक सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## वैश्य गरिमा मंच की जिला बैठक संपन्न



**दमोह।** दिनांक 9 सितंबर 2025 मंगलवार को श्री वैश्य गरिमा मंच की जिला बैठक का आयोजन दमोह नगर के आशीर्वाद गार्डन में दोपहर 2:00 बजे सआयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम महालक्ष्मी व भारत माता के चित्र पर सभी वैश्य गरिमा मंच के सभी उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात वैश्य गरिमा मंच के जिला अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने संभाग प्रभारी गोपाल प्रसाद गुप्ता को एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किशोर अग्रवाल को आमंत्रित कर उनसे कहा कि आप स्थापना दिवस के विषय में अपनी जानकारी रखें उसके पश्चात वर्धा हटा ब्लॉक से पधारे जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता ,जिला महामंत्री मनीष राय , तेंदूखेड़ा ब्लॉक सेजिला उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, पटेरा ब्लॉक से जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र ताम्रकार, पथरिया ब्लॉक से जिला उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, राजीव राय साव, अनिल अग्रवाल, किशोरी ताम्रकार एडवोकेट ,अनिल जैन, गोपाल प्रसाद अग्रवाल ,संतोष जैन पुरुषोत्तम सोनी पार्षद, संजू सोनी जिला संगठन मंत्री और महिला मोर्चा से वंदना चौरसिया , पूजा सोनी आदि उपस्थित रहे।

## भगवान अपने भक्त की हर प्रकार से रक्षा करते हैं भले ही वह किसी भी परिस्थिति में क्यों न हो - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जटाशंकर मंदिर में पितरों के निमित्त चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्त की रक्षा हर परिस्थिति में करते हैं और भक्त की रक्षा के लिए भगवान कई प्रकार के रूप और अवतार धारण करते हैं भगवान विष्णु के परम भक्त बालक प्रहलाद को उनके असुर राजा पिता हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु की भक्ति को लेकर के प्रहलाद का वध करना चाहते थे। प्रहलाद की विष्णु भक्ति से क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप ने उन्हें मरवाने के कई प्रयास किए लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने प्रहलाद की रक्षा की अंत में भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यपु का वध किया और प्रहलाद की रक्षा की। वहीं से होलिका दहन की परंपरा भी शुरू हुई हिरण्यकश्यपु एक शक्तिशाली असुर राजा था जिसे देवताओं से वरदान प्राप्त था उसकी पत्नी कयाधु ने प्रहलाद को जन्म दिया जो भगवान विष्णु के परम भक्त थे हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानता था। इसलिए वह अपने पुत्र की भक्ति से बहुत नफरत करता था। उसने प्रहलाद को कई बार मारने की कोशिश की लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने उन्हे बचाया हिरण्यकश्यपु ने अपनी बहन होलिका की सहायता से प्रहलाद को चिता में जलाकर मारने का भी प्रयास किया जिसे होलिका दहन की शुरुआत माना जाता है लेकिन होलिका स्वयं भस्म हो गई और प्रहलाद सुरक्षित रहे जब हिरण्यकश्यपु ने प्रहलाद से पूछा कि उसका ईश्वर कहाँ है तो प्रहलाद ने खम्बे की ओर इशारा किया तभी खम्बे को फाड़कर भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया जिनका मुख सिंह का और धड़ मनुष्य का था भगवान नरसिंह ने ब्रह्मा जी के वरदान के अनुरूप ना दिन में ना रात में ना घर में ना बाहर ना कोई अस्त्र-शस्त्र से बल्कि अपनी गोद में लिटाकर हिरण्यकश्यपु का वध किया यह कथा भक्ति और भगवान पर अगाध विश्वास का प्रतीक है जिसमें दिखाया गया है कि भगवान भक्त की हर प्रकार से रक्षा करते हैं। भले ही वह किसी भी परिस्थिति में क्यों न हो इसलिए हमें भगवान का भजन एवं कथा सुनना चाहिए क्योंकि अंत में भगवान ही सहारा देते हैं इस संपूर्ण ब्रह्मांड में भगवान के अलावा हमारे संकटों में दूसरा कोई सहायक नहीं होता और अंत में हमें भगवान की ही शरण में जाना है।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद स्कूल पहुंची शिक्षिका शीला पटेल का ग्राम वासियों ने किया स्वागत



**दमोह।** देवरान टपरिया में पदस्थ प्राथमिक शाला की शिक्षिका शीला पटेल को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। प्राथमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती पटेल जब अपने स्कूल सोमवार को पुरस्कार लेने के बाद पहुंची तो ग्राम वासियों ने उनका बड़े ही जोर-शोर के साथ स्वागत किया और स्वागत रैली निकालकर यह संदेश दिया कि हमारे गांव का नाम आज पूरे देश में पहुंचने के लिए हम सभी गांव वाले बहुत प्रसन्न है आपके इस कार्य की सरहना करते हैं। इस अवसर पर गांव की महिला-पुरुष शामिल हुए। स्कूल के बच्चों में बड़ा ही उत्साह रहा ग्राम वासियों की भी उपस्थित रही सभी ने शीला पटेल को पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया सभी ने उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं बधाई दी।

## अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रशिक्षण दाता संस्था तनिष्क ब्यूटी पार्लर के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर की मेकअप आर्टिस्ट सीमा रोहित को आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के स्किन टोन के बारे में छात्राओं को बताया और यह भी बताया कि किस प्रकार की स्किन टोन में किस प्रकार का मेकअप उसे करना चाहिए। उन्होंने ब्यूटी पार्लर में करियर के बारे में छात्राओं को अवगत कराया और कहा कि आप लोगों को शासन स्तर पर इस तरह के दी जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाना चाहिए। जिससे आप आगे बढ़ सके मेकअप आर्टिस्ट सीमा रोहित ने स्वयं द्वारा की गई। मेक आर्टिस्ट की डिग्रियों एवं सर्टिफिकेट के बारे में बताया। विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता में अपनी सफलता के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। सगाई मेकअप कर के छात्राओं को बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तनिष्क ब्यूटी पार्लर दमोह के सहयोग से 22 अगस्त 2025 से चलाया जा रहा है इसमें छात्राओं को ब्यूटी पार्लर से संबंधित सभी चीजों के बारे में छात्रों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान की जा रही है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी पी चौधरी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में चल रहा है। आज के विशेष प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन पी नायक, डॉ रेखा जैन, डॉ मालती नायक, डॉ जया अहिरवार, डॉ भारती चौरसिया, डॉ अनुभा तिवारी, डॉ शिखा यादव, डॉ कल्याणी राय, डॉ प्रिया थापा एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने सहभागिता किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के प्रभारी श्री ब्रजेश मौर्य द्वारा किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा में नंदोत्सव पर हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



गणेशपुरम इमलाई फैक्ट्री हटा नाका के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने आज फिर पितृपक्ष के बारे में बताया श्रीमदभागवत कथा का श्रवण विशेषकर पितृ पक्ष में श्रवण ही पितृ दोष से मुक्ति दिला सकता है इसलिए पितृ पक्ष में इसका श्रवण और पाठन पितरों को मोक्ष दिलाने का अटूट साधन है। संतों और वेदाचार्यों का मत है कि परिवार की सुख समृद्धि के लिए और पितृ दोष से मुक्ति पाने का सवोर्त्तम उपाय पितृ पक्ष में श्रीमदभागवत का श्रवण,पठन पाठन दान पुण्य का विशेष महत्व माना गया है।किशोरी जी द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा, नंद बाबा बने राजा भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर से थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उठाया. बासुदेवजी के रूप में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और बधाईयां बांटी गयी. कथा प्रसंग में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं.कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है. उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती. वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। आज की कथा में वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया।
किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं. वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया. भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये। यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं. ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे. ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी. ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है. यह मैंने तूझे नहीं दिया. बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है। किशोरी जी ने कहा भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है. मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है. गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए किशीरी ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है. उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है. संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. किशोरी जी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है। किशोरी जी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाईं. उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे।
भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी. इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो. मीठा और मधुर बोलो. आज कथा में अनेकों लोगों ने व्यासपीठ का पूजन किया और भागवत भगवान की आरती उतारी। किशोरी जी ने बताया कि कल भगवान की बाल लीलाओं के वर्णन के साथ गिरीराज पूजन और छप्पन भोग लगेगा। मुख्य यजमान श्रीमति गौरा बाई गोविंद प्रसाद सोनी,हरिओम सोनी गणेशपुरम इमलाई फैक्टरी हटा नाका के पास में एवं समस्त सोनी परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. कुसमरिया आज दमोह आयेगें

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग अयोग एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण अयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया (केबीनेट मंत्री दर्जा) का आज 11 सितम्बर दोपहर 02 बजे ग्राम सकौर आयेगें और रात्रि विश्राम करेगें।

### जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु की शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग और समीक्षा होगी अनिवार्य

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शासन के निर्देशानुसार जिले में होने वाली प्रत्येक मातृ एवं शिशु मृत्यु की जिला स्तरीय समीक्षा एवं शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी इसके लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी को मातृ मृत्यु एवं जिला टीकाकरण अधिकारी को शिशु मृत्यु का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके निर्देशन में जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला एवं विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज़र को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सह संपूर्ण समीक्षा (वर्बल ऑटोप्सी) हेतु दायित्व सौंपे गए हैं। जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के अनुसार सभी अधिकारी-कर्मचारी पोर्टल पर मातृ एवं शिशु मृत्यु की जानकारी एवं वर्बल ऑटोप्सी रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करने से पूर्व मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक में प्रतिमाहवार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

हो सकता है बड़ा हादसा... प्रांगण में आंगनवाड़ी, पीएम श्री विद्यालय, राशन दुकान एवं पंचायत भवन बना है

# क्षतिग्रस्त मुख्य गेट बना खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली सबसे निकट नगर से लगभग 1 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग पर बम्हौरी पॉजी मैं स्थित प्रांगण में आंगनवाड़ी, पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक विद्यालय, राशन दुकान एवं पंचायत भवन बना हुआ है प्रांगण में प्रवेश करने की पहले मुख्य प्रवेश द्वार का गेट का सीमेंट, गिट्टी, लोहे का पिलर लगभग 15 दिन पहले रात्रि में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया था। टक्कर के कारण गेट का एक साइड का पिलर पूरी तरह से टूट चुका है, जो अपनी जगह से खिसक गया है पिलर में दरारे र साफ दिखाई दे रही हैं पिलर किसी भी समय गिर सकता है। यह गेट इन संस्थानों का एकमात्र प्रवेश मार्ग है, जिससे रोजाना छोटे-छोटे बच्चे स्कूल और आंगनवाड़ी में प्रवेश करते हैं। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों में इसको लेकर गहरी चिंता है कि कहीं यह गिरता हुआ गेट किसी बच्चे या बुजुर्ग पर न गिर जाए।स्थानीय लोगों एवं स्कूल प्रबंधन के द्वारा कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अब तक इसकी मरम्मत न होने से भय का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस गेट की मरम्मत या परिवर्तन का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से पहले सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### इनका कहना है

पीएम श्री की प्रभारी प्रधान अध्यापक श्रीमती सीमा दुबे का कहना है कि 12 -15 दिन पहले मैंने देखा कि गेट का पिलर क्षतिग्रस्त है जानकारी लेने पर मुझे बताया गया था कि रात्रि में प्रांगण में प्रवेश करते अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रवेश द्वार का पिलर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी मौखिक जानकारी मैंने अधिकारियों को दी है लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

नितेश पांडे विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि मैं तत्काल इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बात करता हूं क्योंकि बच्चों से जुड़ा मामला है। एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि मुझे पूर्व में जानकारी मिली थी मैंने तत्काल जनपद पंचायत सीईओ को बोला था काम अभी तक नहीं हुआ है मैं तत्काल इस बारे में जानकारी लेता हूं।

बछड़े पर हमला, बजरंग दल ने बचाई जान, वन विभाग अनजान

# महुआखेड़ा जलाशय में मगरमच्छ का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के जबेरा जनपद स्थित महुआखेड़ा जलाशय में इन दिनों मगरमच्छों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तालाब किनारे चर रहे मवेशियों पर मगरमच्छ अचानक हमला कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों और जानवरों की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है। सोमवार शाम को तालाब किनारे चर रहे एक बछड़े पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। उसने बछड़े के पैर को अपने जबड़े में दबोच लिया और पानी की ओर खींचने लगा। हमले में बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पहले ग्राम पंचायत से मदद मांगी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बुलाया। बजरंग दल के दिनेश सिंह घोसी और उनकी टीम मौके पर पहुंची और घायल बछड़े को तालाब के छोर से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार कराया। बाद में उसे ऑटो से नोहटा गौशाला भेजा गया, लेकिन वहां उचित उपचार की सुविधा न होने पर कार्यकर्ता बछड़े को अपने गांव बम्होरी ले गए, जहां पशु चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि महुआखेड़ा तालाब में मौजूद मगरमच्छ लगातार इंसानों और मवेशियों के लिए खतरा बने हुए हैं। इसके बावजूद वन विभाग इस पूरे मामले से अनभिज्ञ है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल ध्यान देकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## कलेक्टर मिशा सिंह ने पदभार ग्रहण किया



**दमोह।** कलेक्टर मिशा सिंह (आईएएस, बैच 2016) ने दमोह कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे तथा सभी एस.डी.एम. साहिबान से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर 09 सितम्बर से 21 सितम्बर तक अवकाश पर हैं।

## दान और धर्म उत्साह पूर्वक करना चाहिए - विशुद्धसागर जी

**पथरिया।** विरागोदय तीर्थ में पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने ₹श्रमण-संगोष्ठी₹ में सम्बोधन करते हुए कहा कि -श्रमणों की तत्त्व-विद्या विश्व-वंदनीय है। श्रमणों ने विश्व - साहित्य में स्तुत्य स्थान प्राप्त किया है। श्रमणों ने जगति को श्रेष्ठ-विचार प्रदान किए हैं। कुलहीन कभी श्रेष्ठ-विचारों पर विचार नहीं करता है, वह हमेशा कलह, कषाय, अशान्ति और विद्रोह के विचार करता है। कषाय भाव जीवन को कलंकित करता है। विचारशीलता, विनय, मधुर-भाषण कुलीन- पुरुषों की पहचान होती है। सज्जन पुरुष कुल-हीन वाचाल. पुरुषों से ऐसे ही डरते हैं जैसे सिंह-सर्प जैसे खूँकार हिंसक - प्राणियों से। विपत्ति के समय भी सज्जन अपनी सज्जनता नहीं छोड़ते हैं। क्रोधी, कुलहीन, नीच मनुष्यों से कलह की अपेक्षा मौन और माध्यस्थ. भाव ही श्रेष्ठ है। स्वयं की विशुद्धि महत्त्वपूर्ण है। परिणामों की विशुद्धि ही आत्म शान्ति में सहायक है। बाह्य सर्व-प्रपंच अशांति, दुःख, चिंता और परेशानी के ही निमित्त हैं। दान और धर्म उत्साह पूर्वक करना चाहिए। प्रसन्न-चित्त पूर्वक किया गया सुकार्य सिद्धि, प्रसिद्धि का कारण है। दान और पूजा स्वयं करो । भृत्यों से कराया गया दान आत्म-विशुद्धि का कारण नहीं है। दान वही श्रेष्ठ है, जो स्व-पर कल्याण के उद्देश्य से भरा हो पिरस्पर में उपकार करना ही जीव का कर्तव्य है। 8 परोपकार - भावना से शून्य मानव, मानव नहीं हो सकता है। जैसे धन विपत्ति में काम आता है, वैसे ही संकटों के समय जिनवाणी के सूत्र काम में आते हैं। गुरुओं की पवित्र वाणी हमारे जीवन में औषधि के समान उपकारी है। प्रत्येक मानव को स्व-क्षयोपशम अनुसार गुरुओं के प्रवचनों को ना चाहिए।



# 22 साल पुराने प्रकरण का फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा संचालित शून्य शक्ति अभियान के तहत लंबित स्थाई वारंटियो की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु पृथक-पृथक टीमे गठित की गयी थी जो गठित टीम द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्र 477/2003 धारा 457,380 ता. हि. के 22 साल पुराने प्रकरण में फरार स्थाई वारण्टी नत्थू पिता पंचम लाल अहिरवार निवासी ग्वाल बाबा के पास बजरिया वार्ड न. 08 दमोह को दिनांक 09.09.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि रघुराज सिंह सउनि संतोष तिवारी, आरक्षक धर्मेन्द्र, आरक्षक प्रमोद आदि साथ रहे।

पुलिस कर रही जांच पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

# दुकान के काउंटर से पैसों से भरा थैला हुआ गोल





**तेंदूखेड़ा।** में बुधवार को एक युवक का थैला एक दुकान के काउंटर से अचानक गायब हो गया बाद में युवक ने इसकी शिकायत तेंदूखेड़ा थाने में दर्ज कराई है अब तेंदूखेड़ा पुलिस उस थैले को खोज रही है क्योंकि उसमें युवक के अनुसार पैसे रखे हुऐ थे जो उसकी बहन ने अपने खाते से निकले थे और एक दुकान से किराना सामग्री लेगे भाई बहन दोनों साथ में गये थे और पैसों का थैला उन्होंने दुकान के काउंटर से रख दिया था जो बाद में उनको मौके पर नहीं मिला। प्रकाश साहू नगर के वार्ड ग्यारह के निवासी है उन्होंने बताया उनकी बहन के खाते में पैसे थे सेंटल बैंक भाई बहन दोनों साथ गये और वहां से उन्होंने एक लाख 17 हजार रुपया निकला जिसमें दो हजार रुपया जेब में रख लिये बाकी एक लाख 15 हजार अल थैले में रख लिए और बैंक के सामने संचालित सन्नी किराना स्टोर पर किराना सामग्री लेने लगे उसी समय प्रकाश साहू को प्यास लगी उन्होंने दुकानदार से पीने पानी मागा। दुकानदार पानी लेकर आया प्रकाश साहू ने पानी पिया उसके बाद उनकी नजर काउंटर पर रखे थैले पर पड़ी जो काउंटर से गायब हो गया था। उन्होंने थैले के संबंध में दुकानदार से पूछा उन्होंने कहा मैने नहीं देखा बाद में प्रकाश ने बताया थैले में एक लाख पंद्रह हजार रुपया रखा था बाद में दुकानदार और भाई बहन ने थैले की खोजबीन की किंतु नहीं मिल उसके बाद तेंदूखेड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। प्रकाश साहू की बहन के खाते में पैसा जमा थे और पैसे बहन ने निकलवाए थे जो उसे अज्ञात व्यक्ति ले गया पुलिस अब खोजबीन में लगी है कि आखिर दुकान के काउंटर से पैसा ले कौन गया है अनजाने में ले गया है या फिर सोची समझी प्लानिंग के तहत थैला गोल हुआ है यह तो अब जांच के बाद ही पता चलेगा पुलिस आसपास लगे सी सी टी बी कैमरों में घटना कि खोजबीन कर रही है।

### शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं शहरी क्षेत्र में होने वाली शत-प्रतिशत मातृ एवं शिशु मृत्यु की निरंतर समीक्षा और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक देवेन्द्र कुश्तवार को नोडल अधिकारी एवं प्रभारी सहायक कार्यक्रम प्रबंधक (शहरी क्षेत्र) नरेश राठौर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्देश दिए हैं कि शहरी क्षेत्र में होने वाली शत प्रतिशत मातृ एवं शिशु मृत्यु सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की निरंतर समीक्षा एवं रिपोर्टिंग पृथक से किया जाना सुनिश्चित करें।

## शक्ति की आराधना के लिए मातृशक्ति कर रही नृत्य अभ्यास



**दमोह।** शक्ति की आराधना के लिए मातृ शक्ति के द्वारा नृत्य अभ्यास किया जा रहा है। नव शक्ति गरबा उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाला गरबा उत्सव का यह 9 वां वर्ष है। सनातन धर्म की मान्यताएं और भारतीय संस्कृति की परंपराओं के अनुसार आयोजित होने वाले गरबा उत्सव में हजारों की संख्या में प्रतिवर्ष मातृशक्ति मां की आराधना करती है। नव शक्ति गरबा उत्सव समिति के अध्यक्ष मंजू राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी उत्साह महिलाओं और युवतियों में देखा जा रहा है। वह लगातार अभ्यास कर रही है इस वर्ष कुछ और नया देखने को मिलेगा। समिति की सचिव डा हंसा वैष्णव ने बताया कि भारतीय परिधान में तथा पारंपरिक और धार्मिक के गीत और वाद्य यंत्रों की धुन पर मां की आराधना नृत्य के माध्यम से स्थानीय तहसील ग्राउंड में आयोजित जिले के सबसे बड़े गरबा उत्सव में मातृशक्ति करती हैं। आयोजन में सहभागिता करने के लिए स्पॉट पर ही पंजीयन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 22 सितंबर से नवरात्रि प्रारंभ होगी और इसी दिन संध्या के समय जिले के सबसे बड़े गरबा उत्सव का शुभारंभ तहसील ग्राउंड के विशाल परिसर में हो जाएगा। कोरियोग्राफर वतन विश्वकर्मा के द्वारा लगातार नृत्य अभ्यास प्रतिदिन संध्या 4:00 बजे से 6:00 के मध्य तहसील ग्राउंड में कराया जा रहा है।

## जबेरा के जैन परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त

**दमोह।** जिले जबेरा थाना क्षेत्र निवासी जैन परिवार की कार बुधवार दोपहर सागर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही जबेरा में शोक का माहौल छा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार जबेरा निवासी सचिन जैन अपने अपने परिवार व बहन जीजा के साथ तीर्थ यात्रा के लिए जा रहे थे। सागर जिले के मालथोन के पास बरोदिया कला में एक ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कार पलटी खा गई और कार में सवार सवार सचिन जैन की पत्नी ऋतु जैन व उनके जीजा सुपेन्द्र जैन की मौके पर मौत हो गई। सचिन व उनकी बहन सहित दो बच्चो सागर रेफर किए गए। जहां इलाज के दौरान सचिन जैन की भी मौत हो गई इस तरह पति-पत्नी ,जीजा व भांजा मृत हो चुके हैं।परिवार में सचिन जैन के ऊपर सारी जिम्मेदारियां थी।सचिन जैन की चार बेटियां है।चार बेटियां ,मां व छोटे भाई को अकेली छोड़कर चले गए।

**पति-पत्नी,जीजा, भांजा सहित चार लोगों की मौत**



# फूलों से हार बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** अग्रवाल समाज दमोह द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया जाता रहा है जिसमे सभी आयु वर्ग की महिलाएं व लडकिया बढ़ चढ़ कर भाग लेती हैं।इस क्रम में सबसे पहले अग्रवाल महिला मिलन समिति के द्वारा फूलो से माला बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले महाराजा अग्रसेन जी की आरती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जीवन अग्रवाल जी,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी,तरुण मंच के अध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल जी ,महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती संगीता ,उपाध्यक्ष सीमा,सचिव वीणा, सहसचिव रचना,कोषाध्यक्ष सपना,सांस्कृतिक सचिव रश्मि,मीडिया प्रभारी सपना,पूर्व अध्यक्षो व अग्रवाल समाज की बहनों की उपस्थिति रही।ब प्रतियोगिता में आभा,निशा,सीता रानी,प्राची,अंजलि ,मृदुला,रिद्धि,राधा,करुणा ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रायोजक सारिका श्री विजय अग्रवाल व अनुषा श्री अमित अग्रवाल रहे। अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष श्री राजबहादुर जी का धर्मशाला की सभी व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग रहा।

## हिनौताकला में पितृपक्ष में हो रही श्रीमद्भागवत कथा





**हरिभूमि, हिनौताकलां।** ग्राम हिनौता कला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्य रूप से ग्राम के पंचायत भवन परिसर में किया जा रहा है। पितृपक्ष में अपने पूर्वजों की याद में रविकांत असाटी, लक्ष्मीकांत असाटी के द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है। कथा व्यास पंडित श्री गोविंद प्रसाद पांडे के मुखारविंद से संगीतमय भव्य एवं दिव्य कथा का वाचन प्रारंभ हुआ चुका है। कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सभी धर्म प्रेमी अपनी सहभागिता निभाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा बड़े धूमधाम के साथ पूरे ग्राम में निकाली गई। कथा स्थल पर श्रोताओं को बैठने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें कथा रस के प्रेमी को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुए कथा का श्रवण करें। कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील सभी से की गई है।

### निःशुल्क स्कूटी वितरण आज

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी वितरण करेंगे। उक्त कार्यक्रम आज 11 सितंबर 2025 को आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित किया गया है जिसमें दमोह विकासखंड के समस्त हायर सेकेंडरी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थी, पालक एवं उनके शिक्षक भाग लेंगे। दमोह जिले में 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण किया जाएगा।भोपाल से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी हायर सेकंडरी विद्यालय में देखा व सुना जायेगा। प्राचार्य विद्यार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंप कर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। जिले में 94 विद्यार्थियों ने ई-स्कूटी तथा 66 विद्यार्थियों ने पसंद की मोटराइज्ड स्कूटी के लिए उनके खाते में क्रमशः 01 लाख 20 हजार रुपए तथा 90 हजार रुपए स्कूटी क्रय हेतु प्रत्येक बच्चे को प्रदान किए गए हैं। कुल 82 छात्राओं तथा 78 छात्रों को स्कूटी प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी सौंप कर स्कूटी प्रदान करेंगे।

## सुरक्षित नहीं मडियादो बफरजोन के जंगल

### सड़क किनारे ही पेड़ो की कटाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादो



बफरजोन के जंगल इन दिनों माफियाओं के निशाने पर है, कलकुआ चोरईया मार्ग पर सड़क किनारे ही पेड़ो की खुलेआम कटाई की जा रही है। जब सड़क किनारे ही पेड़ो को काटा जा रहा तो जंगल के आंतरिक हिस्सो में पेड़-पौधों की क्या स्थिति होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सुरक्षित जंगल में खुलेआम पेड़ो की कटाई से वन अमले की गश्ती और निगरानी ट्रेकिंग व्यवस्था लर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि चोरईया क्षेत्र में जिस जगह यह पेड़ काटे जा रहे हैं। वँहा तेंदुआ,सांभर,भालू आदि वन्य जीवों की हरसमय मौजूदगी रहती है, ऐसे में वन्य जीवों की सुरक्षा पर भी खतरा हो सकता है।